


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 192 ● मुंबई, मंगलवार 11 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●


## खबर संक्षेप

### सांसद डॉ मन्नालाल रावत दिल्ली में सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हॉल में सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत को सांसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एआईएम्स परिवार, लातूर, महाराष्ट्र एवं सभ्यता अध्ययन केन्द्र, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एआईएम्स आइडल सम्मान समारोह एवं रक्तरंजित बांग्लादेश (मजहब, सत्ता और संघर्ष की कहानी) पुस्तक के लोकार्पण कार्यक्रम में डॉ रावत को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ सत्यपालसिंह, पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार व कुलाधिपति गुरुकुल कांगडी ने अध्यक्षता की जबकि एयरवाइस मार्शल व पूर्व सैनिक सेवा परिषद के वरिष्ठ राष्टीय उपाध्यक्ष एचपी सिंह मुख्य वक्ता थे। आयुष्मान भारत मिशन समिति, महाराष्ट शासन के प्रमुख डॉ ओमप्रकाश शेटे, जहीराबाद, तेलंगाना के पूर्व सांसद बीबी पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इसके साथ ही श्री रविशंकर, संपादक गंगानचल निदेशक सभ्यता अध्ययन केंद्र, गुरु प्रसाद हुंडेकर लेखक, श्री कन्हैयालाल, श्री प्रताप राव मुले, श्री शरण पाटील, श्री संजय सालुंखे, एडवोकेट पंडित राठौड सहित कई विशेष गणमान्यजनों की उपस्थिति में यह सांसद डॉ रावत को सांसद रत्न से सम्मानित किया गया।

### एप पर दर्ज कर सकेंगे सफाई संबंधी समस्याएं



● पदमावत मीडिया

**राजसमंद।** सरकार द्वारा नागरिकों के लिए एक विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत अब ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता से जुड़ी किसी भी समस्या की शिकायत ऑनलाइन दर्ज की जा सकती है। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि यदि आपके गांव में कचरा निस्तारण, शौचालय, नाली सफाई या अन्य स्वच्छता संबंधी कोई समस्या है, तो आप तुरंत शिकायत दर्ज कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए SBMG Rajasthan मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है, जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड कर, मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन करने के बाद शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस पहल का उद्देश्य राजसमंद जिले को अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक लोगों तक इस जानकारी को पहुँचाएं और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### समस्त पंजाबी खत्री सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ आयोजित

● पदमावत मीडिया

**भीनमाल।** समस्त पंजाबी खत्री सभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं राष्ट्रीय और परदेश स्तर की कार्यकारिणी की वार्षिक मीटिंग उदयपुर रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। समस्त पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रवीण गुलाटी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सर्वानंद आर्य, उपाध्यक्ष हरीश अरोड़ा, राम कामरा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जिला हिसार के गांव खैरी चौखटा से नरेन्द्र कामरा, फतेहाबाद से हरिंदर इलाहाबादी अनिल वोहरा, अनिल इलाहाबादी ने संबोधित किया। समस्त पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष संजीव तलवार, गुलशन नागी, सचिव प्रवीण गुलाटी, गुरचरण भाटिया, प्रमोद गिलोत्र, कपिल शर्मा, कमल अदलखा, नयन कालरा, धीरज कक्कड़ के साथ-साथ सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, महिला जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। समस्त पंजाबी खत्री सभा जालोर जिलाध्यक्ष धीरज कक्कड़ ने बताया कि राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट संजीव तलवार ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोगों ने भाग लेकर बैठक की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में अनुकरणीय सहयोग दिया है ।

# बजट में पशुपालकों के हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवाः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा









● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेशभर मेंसंचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रत्ति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुन्छ, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

### विकास भी और विरासत भी की सोच को आगे बढ़ा रहे प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। ये देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

### पशु बीमा के माध्यम से पशुपालकों को दी आर्थिक सुरक्षा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की नर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

### भारतीय संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत-महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षों से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन-जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

### गौ-परायण सरकार का संतों ने जताया आभार

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। गत सरकार में गौ भक्तों को गौ संरक्षण के लिए आंदोलन करना पड़ता था. लेकिन इस सरकार में हमारे लिए आशीर्वाद कार्यक्रम हो रहे है। यह सब मुख्यमंत्री की गौ-परायण सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ-पूजा की तथा पाण्डाल में आए संत महन्तों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर आभार प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महिने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के अध्यक्ष महन्त दिनेश गिरी जी महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुनाथ भारती जी महाराज, प्रदेश महामंत्री रघुनाथसिंह जी राजपुरोहित, श्रीपतिधाम सिरोही से गोविन्द वल्लभ सहित बड़ी संख्या में गौ-भक्त उपस्थित रहे।

## श्री 1008 आदिनाथ विधान से ऋषभदेव जयन्ति महोत्सव का आगाज

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद, शाखा जिला उदयपुर एवं श्री मेवाड़ युवा संस्थान द्वारा जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की आगामी 23 मार्च जन्मकल्याणक महोत्सव की श्रृंखला में प्रथम कार्यक्रम आदिनाथ विधान से शुरू हुआ। जिला शाखा अध्यक्ष अरूण लुणदिया एवं महामंत्री मनोज जैन ने बताया कि प्रथम तीर्थंकर श्री 1008 ऋषभदेव के जन्म कल्याणक-प्रथमेश 2025 के कार्यक्रम की श्रृंखला में नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 3 में श्री 1008 आदिनाथ विधान पंडित सम्राट शास्त्री द्वारा सम्पन्न किया । जिसमे समाज के पुरूष एवं महिलाओं ने भक्ति भाव से विधान का पुण्य अर्जित किया। इस अवसर पर मुख्य कलश स्थापना मेवाड़ संस्थान के परम संरक्षक पारस सिंघवी, युवा परिषद अध्यक्ष अरुण लूणदिया व महामंत्री मनोज जैन एवं पूजा जैन, मोनिका लुणदिया, आकांक्षा जैन, महिलाओं द्वारा अन्य मुख्य कलश की स्थापना की। विधान से पूर्व युवा परिषद व संस्थान के सभी सदस्यों ने भगवान नेमिनाथ का अभिषेक व शांतिधारा का पुण्य प्राप्त किया। इस अवसर पर सौधर्म इन्द्र अरुण लुणदिया व मनोज जैन कुबेर इन्द्र बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। विधान में मेवाड़ संस्थान से अध्यक्ष निर्मल मालवी, शान्तिलाल गंगावत, महामंत्री राजेश देवड़ा, गौरव गनोडिया, धनपाल गंगावत, प्रितेश जैन सहित, पुनीत वक्तावत, कमलेश जैन, प्रसन्न कलावत, विनोद जैन, अखिलेश भादावत, आशीष मेहता, विपीन जैन, चिराग धर्मावत, प्रकाश ललावत, प्रवीण धनावत, जयंती गंगावत, राजेश जसीगोत, अंकित जैन, आशीष जैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित हुए। विधान पश्चात सभी के लिए स्वामिवात्सल्य का आयोजन किया गया।




## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

### खाद्य सुरक्षा दल द्वारा सलूम्बर में अवधि पार 10 किलोग्राम घी नष्ट करवाया

● पदमावत मीडिया

**सलूम्बर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियत्रंण राजस्थान एच. गुईटे के आदेशानुसार त्योहारी सीजन में शुरू किये गयें शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिला कलक्टर महोदय अवधेश मीना व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेन्द्र कुमार परमार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम सिंहं सोलंकी के द्वारा मैसर्स अतुल कुमार/राजेन्द्र कुमार कृष्ण नगर दुदर, बांसवाडा रोड़ सलूम्बर का औचक निरीक्षण किया गया। किराणा विक्रेता को फुड सेफ्टी डिसप्ले बोर्ड प्रदर्शित करने साफ-सफाई रखने, कार्यरत कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनाने एवं पेस्ट कन्ट्रोल, करवाने हेतु निर्देशित किया गया।



उक्त प्रतिष्ठान से कुल 2 नमूनें सरसो का तेल (मेवाड टाईगर ब्रांड) व घी (दोआबा ब्रांड) के लिये गए है साथ ही अवधि पार 10 किलोग्राम घी को जनहित में नष्ट करवाया गया इसके अलावा खाद्य सुरक्षा दल द्वारा श्याम नमकिन एण्ड वेफर्स अदकालिया से नमकिन व मसाला मटर का नमूना लेकर उक्त विक्रेता को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्य करने हेतु पाबन्द किया गया उक्त सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा जॉच रिर्पोट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। डॉ. महेन्द्र कुमार परमार ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही सम्पूर्ण जिले में अनवरत रूप से जारी रहेगी तथा मिलावटियों के खिलाफ व खाद्य व्यापारीयों को दिये गयें निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी

*केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान में पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण पर आयोजित कार्यशाला सम्पन्न*

## पाठ्यक्रम में आधुनिकीकरण व समानीकरण करने व वैल्यू एडिशन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर हुई व्यापक चर्चा

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** अजमेर रोड पर दहमी कलां स्थित केन्द्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) जयपुर में सोमवार को पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पाठ्यक्रम मे आधुनिकीकरण व समानीकरण करने व वैल्यू एडिशन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार -विमर्श किया गया। सीडीटीआई (बीपीआरएंडडी) जयपुर के निदेशक डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि डीजी बीपीआरएंडडी राजीव कुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे आयोजित कार्यशाला को शीर्ष समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी के. विजय कुमार ने संबोधित किया। कार्यशाला में डीजीपी राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के साथ-साथ विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ डीजी और एडीजी, बीपीआरएंडडी के डीजी के साथ बीपीआरएंडडी तथा अन्य सीपीओ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। जिन्होंने पुलिस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मानकीकरण पर चर्चा कर पाठ्यक्रम मे आधुनिकीकरण व समानीकरण करने व वैल्यू एडिशन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक अकादमिक विचार -विमर्श किया गया। कार्यशाला की जानकारी देते हुए निदेशक डॉ. कपूर ने बताया कि पुलिस ट्रेनिंग सबसे महत्वपूर्ण है और इससे निरंतर सुधार हो रहे हैं। केन्द्रीय गृह मंत्रालय इस प्रशिक्षण को बेहतर करने पर विशेष बल देते हुए पुलिस के सभी स्तर पर ट्रेनिंग के आधुनिकीकरण और समानीकरण पर जोर दे रहा है। इसके लिए बीपीआरएंडडी ने एक समिति गठित की, जिसके अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईपीएस के. विजय कुमार है। समिति के अंतर्गत इंडोर, आउटडोर, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनपावर की सब कमिटी बनी है। कार्यशाला में तैयार पाठ्यक्रम को साझा कर फीडबैक ले रहे हैं। इन सभी के विचार लेकर गृह मंत्रालय को भेजेंगे और सभी राज्य उनको अपना सकेंगे और समान और आधुनिक तरीके से पुलिस ट्रेनिंग को आगे बढ़ा सकेंगे ।




सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023

## सहायक आचार्य- ईएएफएम, साक्षात्कार के लिए 561 अभ्यर्थी अस्थाई रूप से सफल घोषित

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य-ईएएफएम की परीक्षा के फलस्वरूप 561 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु पूर्णतः अस्थाई रूप से सफल घोषित किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त विषय के प्रश्न-पत्र प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा 23 मई 2024 तथा प्रश्न पत्र तृतीय की परीक्षा 7 जनवरी 2024 को आयोजित की गई थी। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर (2 प्रतियों में) तथा समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित उक्त परिणाम जारी होने की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में भिजवा देवें। अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार किए जाने पर पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा। साक्षात्कार की तिथि के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को यथा समय अवगत करवा दिया जाएगा।

## बिजली विभाग पर एसीबी का शिकंजा

# 14000 की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया टेक्नीशियन

● पदमावत मीडिया

**जोधपुर ।** जिले के ओसियां में इन दिनों बिजली कर्मचारियों द्वारा खूब भ्रष्टाचार किया जा रहा है. जबकि इसकी शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम कार्रवाई भी कर रही है. लेकिन इसके बावजूद भ्रष्ट कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. ओसियां में हाल ही में भ्रष्ट इंजीनियर सुपरवाइजर को एसीबी टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा था. वहीं इसके बाद एसीबी ने यहां बिजली विभाग के टेक्नीशियन को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बिजली विभाग के टेक्नीशियन द्वितीय बजरंग दास को एसीबी की टीम ने धर दबोचा है. उसे 14 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है. बजरंग दास आऊ तहसील के गोरछीय बेरा तस्स पर कार्यरत था।

### कृषि कनेक्शन के लिए मांगी थी रिश्वत

जहां राज्य सरकार किसानों को बिजली मुहैया कराने के लिए घोषणाएं कर रही है. दूसरी ओर बिजली विभाग के कर्मचारी कृषि कनेक्शन को लेकर उगाही करने में लगे हैं. बताया जा रहा है कि परिवादी ने एसीबी की टीम को शिकायत की थी कि कृषि



कनेक्शन के बिलों की औसत गणना कर समय पर बिल जारी करने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी. इसमें सात कृषि कनेक्शन शामिल थे. वहीं शिकायत मिलने के बाद एसीबी की टीम ने सत्यापन किया और फिर ट्रैप कार्रवाई की. इसी दौरान टेक्नीशियन बजरंग दास को 14 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है. एसीबी टेक्नीशियन को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ कर रही है।

### 5000 रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया था इंजीनयर सुपरवाइजर

ओसियां में ही बीते 5 मार्च को एक इंजीनियर सुपरवाइजर को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया था. इंजीनियर सुपरवाइजर ऋषिकेश मीणा और दलाल कैलाश प्रजापत को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते ट्रैप किया गया था. बताया जाता है कि घर पर बिजली की ड्रक्ष्क्र नहीं भरने के एवज में उससे 5000 रुपये की रिश्वत मांगी थी. एसीबी ने सहायक अभियंता कार्यालय के जाखण में मामले का सत्यापन करवाया. इसके बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए ट्रैप बिछाया. इसी दौरान दोनों आरोपी 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए।

# भीलवाडा पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर को गन पॉइंट पर रख लूट की वारदात का किया खुलासा

- उज्जैन से अजमेर के लिये टैक्सी बुक कर भीलवाडा बाईपास पर ड्राईवर को पिस्टल दिखा बंधक बना लूटे 7 हजार नकद, मोबाइल व स्कार्पियो
- ड्राइवर के हाथ-पैर, मुंह बांध हाईवे पर झाड़ियां में फेंक कर भाग गए थे आरोपी
- लूटी गई स्कार्पियो कार बरामद कर 4 आरोपी किये बापर्दा गिरफ्तार




● पदमावत मीडिया

**भीलवाड़ा ।** जिले की थाना पुर टीम ने डीएसटी व साइबर सेल की मदद से 10 दिन पहले हाईवे पर एक टैक्सी चालक को गन पॉइंट पर धमका कर 7000 नगद, मोबाइल एवं स्कॉर्पियो गाड़ी लूटने की घटना का खुलासा कर चार आरोपियों शैलेश भामरे पुत्र नामदेव निवासी सोनगिरी जिला धुलिया महाराष्ट्र, रामनिवास विश्नोई पुत्र गोपाराम निवासी गोदावास थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा एवं शहरूदीन मेव पुत्र हाकम मेव व मुख्तार उर्फ मुकीम मेव पुत्र जाकर निवासी मुगंसका थाना पहाडी जिला डीग को गिरफ्तार कर लूटी गई स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद कर ली है। भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 28 फरवरी को उज्जैन निवासी टैक्सी चालक अनिल बैरागी ने रिपोर्ट दी थी कि 27 फरवरी को उसके परिचित सद्दाम उर्फ भय्यु खान ने उज्जैन से अजमेर के लिए उसकी गाड़ी बुक की। शाम 6-7 बजे 2-3 व्यक्तियों को अपनी स्कार्पियो गाडी मे बैठा वह अजमेर के लिए निकला। चित्तौड़गढ़ बाईपास पर जावरा के पास इनका एक आदमी और गाड़ी में बैठ गया। रास्ते मे उल्टी का बहाना कर गाड़ी को एक तरफ रूकवा धक्का मुक्की कर मारपीट शुरू कर जबरदस्ती गाड़ी में पटक कर हाथ-पांव व मुंह बांध दिया। बंदुक निकालकर धमका कर हाईवे से एक साइड ले जाकर उसकी जेब में रखे 7 हजार रूपये नकद व मोबाईल स्कार्पियो लूट वहीं झाड़ियों में बंधा हुए को पटकर चले गये। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच हाथ पैर खोल उपचार करवाया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिंह के निर्देश पर घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोशन लाल पटेल व सीओ माण्डल मेघा गोयल के सुपरविजन एवं एसएचओ पुर पुष्पा कासोटिया के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें डीएसटी प्रभारी महेंद्र मीणा एवं साइबर सेल प्रभारी एएसआई आशीष कुमार एवं उनकी टीम को शामिल किया गया। डीएसटी व थाना पुर की टीम द्वारा साइबर सेल की मदद से अज्ञात आरोपियों व स्कोर्पियो की तलाश उज्जैन, चित्तोडगढ, बालोतरा, डीग व भरतपुर में संभावित स्थानो पर की। कड़ी से कड़ी जोड़ कर घटना का खुलासा कर आरोपी शैलेश भामरे, रामनिवास विश्नोई, शहरूदीन मेव व मुख्तार उर्फ मुकीम मेव को बापर्दा गिरफ्तार कर लूटी गई स्कार्पियो बरामद की गई। इस कार्रवाई में थाना पुर के कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह एवं साईबर सैल के कांस्टेबल दीपक जांगिड़ व किशोर सिंह की विशेष भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खाटूश्याम मन्दिर में किए दर्शन प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की





● पदमावत मीडिया

**सीकर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को सपत्नीक खाटूश्यामजी मंदिर में पहुंचकर बाबा श्याम के दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश के विकास और आमजन की खुशहाली की कामना की। इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी के श्री प्रताप सिंह चौहान ने पूजा करवाई और श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

## हेलिकॉप्टर से मंदिर और श्रद्धालुओं पर की गई पुष्पवर्षा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से खाटूश्याम मंदिर और श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। जयपुर से मंदिर जाते और आते दोनों समय पुष्पवर्षा की गई। पुष्पवर्षा की बारिश देख बाबा श्याम के भक्त अभिभूत हो उठे। इस



दौरान खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, सीकर के पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस महानिरीक्षक अजय पाल लांबा, जिला कलक्टर मुकुल शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उदयपुर में थाना प्रताप नगर पुलिस की अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई

## एक किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, स्विफट कार जब्त

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर ।** जिले में थाना प्रताप नगर पुलिस की अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई कर 1 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध के साथ दो तस्कर सोहन लाल पुत्र गोपी लाल एवं देवी लाल पुत्र शंकर लाल निवासी नान्दोली खुर्द, वल्लभनगर जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार जब्त की है। एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन राजपुरोहित के सुपरविजन में अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एसएचओ राजेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से अवैध मादक पदार्था की तस्करी करने वाले 2 तस्करों सोहन लाल व देवी लाल को गिरफ्तार कर 2 लाख रुपये कीमत का 1 किलो 126 ग्राम अवैध अफीम दूध बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों से अवैध अफीम दूध व उसके खरीद फरोख्त के संबंध में अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपी अवैध अफीम दूध खरीदकर पुलिस की नाकाबन्दी से बचने के लिये ग्रामीण क्षेत्र का रास्ता चुनते है। इस कार्रवाई में एसएचओ राजेंद्र सिंह चारण सहित एएसआई प्रेम कुमार, हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर, विश्वेंद्र सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राजूराम, रामस्वरूप, सोहन, हंसराज, नागेंद्र सिंह, विशाल, कांस्टेबल चालक महावीर एवं साइबर सेल से कांस्टेबल लोकेश रायकवाल शामिल थे।

# उदयपुर में थाना डबोक व मावली पुलिस की कार्रवाई

## अंतर-जिला लूट गैंग के 2 आरोपी व लूट का माल खरीदने वाले सुनार को किया गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** उदयपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतर-जिला लूट और नकबजन गैंग के दो सदस्यों प्रकाश मीणा पुत्र केसा (28) निवासी दोवड़ीसा सलूंबर एवं लख्मा उर्फ लक्ष्मण मीणा पुत्र पूनिया 25 निवासी बेडावल फला कावड़िया सलूंबर को गिरफ्तार किया है। यह गैंग कई समय से उदयपुर, राजसमंद, सलूम्बर और आसपास के जिलों में लूटपाट, नकबजनी, चोरी और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त थी। पुलिस की सूझबूझ और मुस्तैदी से इस गैंग के प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी योगेश गोयल के निर्देशानुसार बुजुर्गों को निशाना बनाकर हो रही लूट की वारदातों को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल के सुपरविजन व सीओ मनीष कुमार आईपीएस के नेतृत्व में थाना मावली व डबोक से 10 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चिन्हित आरोपियों की धरपकड के लिए लगातार एक सप्ताह तक बाहर कैंप कर मुखबीरों को एक्टिव किया। घटना स्थलों के आसपास के करीब 200 सीसीटीवी फुटैज खंगालकर आसूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से आरोपी प्रकाश मीणा व लख्मा उर्फ लक्ष्मण मीणा को गिरफ्तार किया। जिनसे गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में लूट व नकबजनी की 17 वारदातों का खुलासा हुआ है। यह गैंग बुजुर्गों की नाक की नथ, कान की बालिया और गले का हार खींच के काट लेते थे। जिसमें जख्म के साथ शारीरिक दर्द और नुकसान होता था। बेल पर बाहर रहकर ये लूट को अंजाम दे रहे थे। पुलिस टीम जब इन्हें पकड़ने पहुंची तो इन्होंने पुलिस पर पत्थर मार पहाड़ी में भागने की कोशिश की, गिरने के दोनों के पैर में चोट आई, जिसका इलाज कराया गया।

**तरीका वारदात –** सुनसान रास्ता चुन मजुदरी या फेरी का काम करते हुए वारदात करने वाले स्थान को चिन्हित कर वृद्ध एवं अकेली महिलाओं को निशाना बना उनके पहले गहने चाकू दिखा डरा धमका कर खुलवा लेते या बल प्रयोग करते छिन कर ले जाते। अभियुक्त प्रकाश मीणा के विरूद्ध लूट, नकबजनी, अपहरण, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट सहित कई धाराओं में उदयपुर, सलूम्बर, राजसमंद में कुल 05 प्रकरण दर्ज हैं। इस कार्रवाई में सहायक पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, एसएचओ डबोक हुकम सिंह, एसएचओ मावली अशोक कुमार सहित वृत मावली ऑफिस से एएसआई शीशराम, थाना डबोक से एएसआई लक्ष्मण लाल, सुनीता, हेड कांस्टेबल जगदेव भाटी, कांस्टेबल हरिओम, दिनेश व हनुमाना राम शामिल थे।

# मेवाड़ जनशक्ति दल ने महिलाओं को दिलाया स्वच्छ उदयपुर बनाने का संकल्प

## उदयपुर के न्याय मित्र के के गुप्ता ने महिलाओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवाड़ जनशक्ति दल मैगनस हॉस्पिटल व शी सर्किल इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में मैगनस हॉस्पिटल कैंपस में किया गया। इस अवसर पर डूंगरपुर के पूर्व सभापति एवं उदयपुर के न्याय मित्र केके गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश कुलदीप शर्मा, शी सर्किल इंडिया की श्रीमती तारिका भानु प्रताप, मेवाड़ जनशक्ति दल की ट्रस्टी सुश्री कुसुम मेघवाल, संजीवनी नेचरोपैथी की निदेशक श्रीमती प्रीति डेमला, शिक्षा विभाग की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती मंजू चौधरी, और मैगनस हॉस्पिटल की निदेशक डॉक्टर शिल्पा गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, सभी अतिथियों ने मंच से नारी शक्ति की महत्ता और उनके योगदान के बारे में चर्चा की। प्रीति डेमबला ने योग और नेचुरोपैथी के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में बात की, जबकि मंजू चौधरी ने नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। डॉ शिल्पा गोयल ने मैगनस हॉस्पिटल में महिलाओं के लिए प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का उल्लेख किया और सभी को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की बधाई दी। संगठन के मार्गदर्शक गिरीश जोशी ने संगठन परिचय देते हुए पिछले 10 वर्षों से संगठन के कार्यों का उल्लेख किया उदयपुर के न्याय मित्र श्री के के गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में 250 में से 164 बच्चियों का न्यायाधीश के रूप में चयन किया गया है साथ ही संगठन के संरक्षक अतुल शर्मा ने स्वच्छता अभियान की जानकारी देते हुए सभी महिलाओं को संगठन के कैलेंडर और पंपलेट देकर स्वच्छता के बारे में जानकारी दी कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं और नारी शक्ति को मेवाड़ जनशक्ति दल और मैगनस हॉस्पिटल द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कपिल पालीवाल ने किया और मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक श्री नरेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में संगठन नारी शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ निशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजन भविष्य में करने वाला है साथ ही संभाग महामंत्री नंदलाल जोशी, जिला महामंत्री हरि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया आयोजन में उपस्थित डॉ परमवीर सिंह राव, डॉ बी डी मंगल, विनय दवे, पिंकी गर्ग, अंकित चोरडिया, कमल शर्मा, दीपेश शर्मा, यामिनी शर्मा, मुकेश मेनारिया उपस्थित थे।

# आमलकी एकादशी पर गायों हरा चारा खिलाया व आंवले की पूजा की



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आमलकी एकादशी पर शिव शंकर गौशाला में गौभक्तों ने हरा चारा खिलाया और आंवला वृक्ष की पूजा की। गौभक्त नरेश पूर्बिया ने बताया कि आमलकी एकादशी पर आंवला वृक्ष की पूजा की और गायों को हरा चारा खिलाया।आंवले के वृक्ष को भगवान विष्णु ने आदि वृक्ष के रूप में प्रतिष्ठित किया है। आंवले के वृक्ष में ईश्वर का वास होता है। भगवान विष्णु ने कहा कि आमलकी एकादशी पर आंवले के वृक्ष की पूजा से प्राणी को स्वर्ग व मोक्ष की प्राप्ति होती हैं कार्यक्रम में सचिव शालीनी राजावत, वैदिक पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा, योगाचार्य प्रितम सिंह चुंडावत, नवनीत भट्ट, गणेश डांगी, प्रदीप उपाध्याय, मीत व राही राजावत उपस्थित थे।

# आरपीएससी: 21 अप्रेल से शुरू होंगे आरएएस भर्ती-2023 के साक्षात्कार

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल 2025 से शुरू किए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम यथा समय जारी कर दिया जाएगा। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19355 अभ्यर्थियों हेतु मुख्य परीक्षा का आयोजन दिनांक 20 एवं 21 जुलाई 2024 को किया गया था। मुख्य परीक्षा का परिणाम दिनांक 2 जनवरी 2025 को जारी किया जाकर 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना उपयुक्त माध्यमों से दे दी जाएगी। अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट का समय-समय पर अवलोकन कर सकते हैं। उक्त भर्ती का विज्ञापन 28 जून 2023 को जारी किया जाकर कुल 905 पद ( राज्य सेवाएं 424 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) के लिए अभ्यर्थियों से 1 जुलाई से 31 जुलाई 2023 तक आवेदन प्राप्त किए गए थे। कार्मिक (क-4/2) विभाग से प्राप्त नवीन वर्गवार वर्गीकरण एवं निर्देशानुसार पदों की कुल संख्या 972 (राज्य सेवाएं 491 एवं अधीनस्थ सेवाएं 481) किए जाने के संबंध में शुद्धि-पत्र संख्या 6/2023-24 दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को जारी किया गया था। भर्ती अन्तर्गत कुल पंजीकृत 6 लाख 96 हजार 969 अभ्यर्थियों हेतु प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक किया गया। परीक्षा में कुल 4 लाख 57 हजार 927 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। परीक्षा समाप्ति उपरांत आयोग द्वारा सायंकाल मॉडल उत्तरकुंजी जारी की गई। इस मॉडल उत्तरकुंजी पर 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2023 तक परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आपत्तियां आमंत्रित की गई थी। प्राप्त आपत्तियों के परीक्षण उपरांत 20 अक्टूबर 2023 को आरएएस (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का परिणाम जारी किया गया था।

# कब मिलेंगी सड़क पर उडती धूल से निजात

● पदमावत मीडिया

संवाददाता: दीपक शर्मा



**कानोड।** नगर पालिका क्षेत्र के उदयपुर नीमच रोड जो कि चार साल से टूटा हुआ है इसी सडक निर्माण की मांग को लेकर नगर वासियों ने आन्दोलन किए ओर यहां तक कि तात्कालिक नगर पालिका के पार्षद सडक निर्माण की मांग को लेकर पानी की टंकी पर भी चढ गए, लोगों ने अपने अपने स्तर से ज्ञापन देकर सडक निर्माण की मांग की । आखिरकार विधायक उदयलाल डांगी ने विषय की गंभीरता को समझा ओर सड़क निर्माण की समस्त स्वीकृतियां करवा कर सडक निर्माण का शानदार शिलान्यास कार्यक्रम कर शुरूआत करवाई। ठेकेदार ने सड़क निर्माण शुरू ही किया कि कुछ लोगों ने इसका विरोध कर सडक निर्माण का काम रूकवा दिया ,उनका मानना है कि सडक पर यदि सीसी हुआ तो उनके मकान की पीढिया नीचे रह जाएगी जबकी विरोध करने वाले लोगों का मकान इस सडक पर नहीं आता । सडक निर्माण का काम रूकते ही नगर में विरोध हुआ ओर सडक निर्माण का काम शुरू करने की मांग की ,लोगों ने विधायक को विषय बताया पर तब तक ठेकेदार ने काम बंद कर दिया ,काम बंद होने से सडक पर चार साल से उडती धूल ओर भी अधिक हो गई क्यों कि ठेकेदार निर्माण अधूरा ही छोड चला गया । बताया जा रहा है कि अब तो काम होली के बाद ही शुरु होगा ।यानी तब तक तो लोगों को इसी उडती धूल में रहना है ,श्वास भी लेना है । एक ओर तो काम रुकवाने वाले भाजपा के ही लोगों का विरोध हो रहा है तो दुसरी ओर सोशल मिडिया पर भाजपा महामंत्री दिनेश जोशी की भी प्रशंसा करते लोग नहीं थकते, कि जब नगर में सीसी निर्माण हो रहा था तब सडक की उंचाई बढने से उनके घर की पीढ़ी कांफी नीचे रह गई पर उन्होंने न काम रुकवाया न किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज करवाई। लम्बे समय से लोग इस उडती धूल से परेशान है लोग मास्क लगाकर घरों से निकलते है ऐसे में सडक निर्माण कब शुरू होगा ,विधायक हस्तक्षेप कर कब ऐसे लोगों पर नकेल कसेगे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजित



● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश धाकड की अध्यक्षता में सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला परिषद में आयोजित बैठक में एडीएम ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरण में जो प्रकरण अगले लेवल तक चले गए हैं, उनमें उच्च अधिकारियों से संपर्क कर उसका निस्तारण करवाने हेतु निर्देश प्रदान किए। साथ ही जनसुनवाई में आये प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में विभागों की समीक्षा करते हुए पीएचईडी विभाग तथा मेजर प्रोजेक्ट, एवीएनएल, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, राजीविका सहित अन्य विभाग के अधिकारियों से पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अब तक की गई अनुपालना की जानकारी ली । उन्होंने हैंडपंप मरम्मत करवाने, समर कल्टेंजेंसी, हैंड पंप खुदवाने, पेयजल आपूर्ति, सूर्य घर योजना में प्रगति, पीडब्ल्यूडी के तहत हो रहे कार्यों में प्रगति, राजीविका में बैंक खाता खोलने, शिक्षा विभाग अपार आईडी अपडेशन, अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, सहकारिता विभाग में फार्मर रजिस्ट्री अभियान में किसानों की सहभागिता, वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान में विभिन्न विभागों के लक्ष्य सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश प्रदान किये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहें।

# दौसा जिले में थाना बसवा पुलिस की कार्रवाई

## लूट व अपहरण की वारदात को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया







**जयपुर ।** दौसा जिले की बसवा थाना पुलिस ने रात के समय घर लौट रहे युवक का अपहरण व मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों अजय कुमार बैरवा पुत्र मुकेश कुमार उम्र 19 साल निवासी चांदेरा थाना कोलवा, राजेश गुर्जर पुत्र कैलाश चन्द उम्र 25 साल निवासी श्यालुता थाना टहला एवं सचिन मीना पुत्र गोरधन मीना उम्र 26 साल निवासी नाथलवाडा थाना टहला जिला अलवर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त एक कार्य जब्त की है। एसपी सागर राणा ने बताया कि घटना के संबंध में 24 फरवरी को हरभजन मीणा पुत्र राम प्रसाद निवासी गुल्लाना की झोपड़ी द्वारा थाना बसवा में एक रिपोर्ट देते हुए बताया कि कल रात 10 बजे वह गांव फुलेला से अपने घर जा रहा था। फुलेला हाईवे की पुलिया के पास कार सवार चार बदमाशों ने उसकी बाइक के आगे कार लगाकर रोक लिया। बदमाशों ने उसकी बाइक छीन ली और अपनी कार में पटक लिया। कार में मारपीट कर जेब में रखे 14 हजार रुपए, दो आईफोन, दो एटीएम कार्ड, तीन क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा अन्य कागजात लूट लिए। इसके बाद बदमाश 12.30-1.00 बजे के बीच मुझे गुल्लाना रेलवे स्टेशन के समीप डालकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज अजयपाल लाम्बा व एसपी राणा के निर्देशानुसार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूशरण राव व सीओ बादीकुई रोहिताश देवन्दा के सुपरविजन एवं थानाधिकारी बसवा सचिन कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से अपहरण एवं लूट के आरोपी अजय कुमार बैरवा, राजेश गुर्जर एवं सचिन मीणा को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार जप्त कर ली गई है। आरोपियों से पुलिस की टीम गहनता से पूछताछ करने में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना बसवा से एसएचओ सचिन कुमार शर्मा सहित एएसआई मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश चंद, कांस्टेबल देशराज, प्रमोद, धारा सिंह, राजेंद्र एवं साइबर सेल से कांस्टेबल महेंद्र शामिल थे।

# किसानों को उन्नत तकनीकी से रूबरू कराने में कृषि मेले हो रहे हैं 'मिल का पत्थर' साबितः कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री







● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कहा कि किसान उन्नत वैज्ञानिक तकनीक को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते है। कृषि मेले किसानों को नवीन तकनीक से रूबरू कराने में अहम योगदान देते है। राज्य में कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीक के बारे में जागरूक करने के लिए कृषक मेलों का आयोजन 'मिल का पत्थर' साबित होंगे। यह बात कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन संस्थान (आत्मा) के सहयोग से सोमवार को जोबनेर, जयपुर में आयोजित कृषि मेले के शुभारंभ समारोह में कही। डॉ. मीणा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश में ऐसी योजनाएं लाई जाए जिससे हमारे किसानों की पैदावार में वृद्धि हो और कृषक आत्म निर्भर बन सके। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लेकर हमारे कृषक समृद्ध बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्लेम वितरणों में व फसल कटाई प्रयोगों में आ रही कठिनाइयों को दूर कर किसानों को इसका पूरा-पूरा लाभ दिया जाएगा। अगर किसान की फसल में ओलावृष्टि, अतिवृष्टि या अन्य किसी प्राकृतिक आपदा से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हो जाता है तो उसके तुरंत गिरदावरी आदेश कराकर केंद्र व राज्य सरकार किसानों को नुकसान की भरपाई करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में खराबे के बाद किसानों को क्लेम में आ रही परेशानीयों को दूर कर इसका पूरा-पूरा फायदा कृषकों को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो कृषक खेती के साथ-साथ पशुपालन भी करते है और उसके पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो उन्हें सरकार द्वारा पशु का क्लेम दिया जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि पहले किसानों को अनुदान का पैसा मिलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब वो पैसा सीधा कृषकों के खातों में आ रहा है। प्रधानमंत्री जी के अथक प्रयासों से हमारे रेतीले टीलों में भी फसले लहराने लगी है। आज का हमारा किसान विकसित कृषक बनकर उद्यानिकी की फसले पैदा कर आर्थिक रूप से मजबूत रहा है। यदि सभी कृषक उन्नत व वैज्ञानिक तरीके से खेती करने लग जाए तो नरेंद्र मोदी का किसानों की आय दुगुनी करने का सपना जल्द ही पूरा हो जाएगा। कृषकों को उन्नत तकनीकी के गुर सीखाने के लिए कृषि विभाग द्वारा नीदरलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में भेजा जाएग, जहां से किसान उन्नत तकनीक सीखकर उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे। किसान आयोग के अध्यक्ष सी. आर. चौधरी ने कहा कि कृषि मेलों के आयोजन से कृषक नवीन तकनीकी सीखकर अपनी पैदावार में वृद्धि कर सकते है। आज भारत दुनिया में सक्षम कृषि प्रधान देश है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे फसलों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग न करके जैविक उर्वरकों का उपयोग करें। क्योंकि इससे जमीन की उर्वरक क्षमता खत्म होती जा रही है। किसान उत्पादन बढ़ाए लेकिन इसके साथ गुणवत्ता का समझौता नहीं करें। भविष्य में विश्व पटल पर टिकना है तो, किसानों को उत्पादन की क्वालिटी पर ध्यान देना होगा। शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने कहा कि किसानों को उन्नत तकनीक व उच्च गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध कराने में कृषि विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका रही है। कृषि मेले में उन्होंने राज्य में कृषि रणनीति में ÷4 पी÷- 'प्लानिंग', 'प्रोडक्शन', 'प्रोक्योरमेंट' और 'प्रोसेसिंग' पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उत्पाद का उत्पादन लेने के बाद प्रोसेसिंग बहुत जरूरी है बिना प्रसंस्करण के किसी भी वस्तु का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। इसके साथ ही उनकी आजीविका को सुनिश्चित करने के लिए उन्हें स्थाई एवं टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल समिट में कृषि क्षेत्र के 2400 एमओयू लगभग 50 हजार करोड रुपए के हुए है, जिनमें से 15 प्रतिशत तो धरातल पर आ चुके हैं। राज्य सरकार का ध्येय है कि प्रोसेसिंग का दायरा बढ़ाया जा, जिससे किसानों को अधिक से अधिक फायदा मिल सकेगा। राजन विशाल ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय बाजार की मांग के अनुसार फसलों की किस्मों को डेवलप करे, जिससे किसान इन किस्मों को अपनाकर अपने उत्पादन में वृद्धि कर सकेंगे। पुरे भारत में 42 प्रतिशत महिलाये कृषक है वही, राजस्थान में 55 प्रतिशत महिलाएं कृषक है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 2200 करोड़ रुपये का बजट सैंक्शन किया जाना संभावित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक है। इससे हम अधिक कृषि योजनाओं का क्रियान्वयन कर किसानों को लाभान्वित कर सकेंगे। मेले में आत्मा योजना अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, व मत्स्य पालन, जैविक खेती, नवाचारी खेती तथा कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सात दिवसीय स्काउट गाइड वार्षिक शिविर का हुआ समापन

● पदमावत मीडिया



**भीनमाल ।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वाधान में सुंधा माता में सर्व धर्म प्रार्थना के साथ सात दिवसीय स्काउट गाइड वार्षिक शिविर जितेंद्रसिंह राठौड़ व्यवस्थापक सुंधा माता ट्रस्ट के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ। जितेंद्रसिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक शिक्षा बेहद जरूरी है, जो की स्काउट गाइड के माध्यम से ली जा सकती है। इतना ही नहीं स्काउटिंग जीवन जीने की कला सिखाती है । सीओ स्काउट सवाईसिंह राठौड़ ने कहा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जालोर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी एवं ग्लोबल कॉलेज डेडवा में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड का सात दिवसीय वार्षिक शिविर सर्व धर्म प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ । डॉ घनश्याम व्यास ने बताया कि 3 वर्ष से 25 वर्ष तक के बालक बालिकाएं राजकीय, गैर राजकीय विद्यालय, महाविद्यालय में पढ़ने वाले स्काउट, गाइड, कब, बुलबुल, रोवर, रेंजर में रहकर अपना जीवन निखार सकते हैं। स्काउट गाइड के प्रमाण पत्र उपयोगी होते हैं। स्काउट गाइड के माध्यम से राज्यपाल एवं राष्ट्रपति तक के पुरस्कार प्राप्त किए जा सकते हैं। शिविर संचालक रमेशकुमार दवे ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा युवा वर्दीधारी स्वैच्छिक संगठन से जुड़कर हमें गौरवान्वित महसूस होता है। यह संगठन स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, अनुशासन, नशामुक्ति अभियान, राष्ट्र सेवा को समर्पित है। दक्ष प्रशिक्षक दलपतसिंह जोधा ने कहा कि हमें अपने बालक बालिकाओं को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड से जोड़कर उच्च आदर्श की स्थापना करनी चाहिए। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने शिविर में स्काउट गाइड का इतिहास, बीपी सिक्स व्यायाम, शिविर कला, शिविर ज्वाल, प्रगति, ले आउट, यूनिफॉर्म, खोज के चिन्ह, भ्रमण, ध्वज शिष्टाचार, स्नेह मिलन आदि के बारे में विस्तार से बताया। लादूराम भादू सचिव राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ सांचोर ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। हमें अपने जीवन को नशा मुक्त रखते हुए शुद्ध सात्विक पौष्टिक भोजन, जैविक मिलेट्स, मोटा अनाज मोटा पिसकर ग्रहण करना चाहिए और प्रतिदिन बीपी सिक्स व्यायाम करना चाहिए जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहें। शिविर समापन समारोह में सीओ स्काउट जालोर सवाईसिंह राठौड़ एवं संचालक मंडल द्वारा सुंधा माता ट्रस्ट, माली समाज सेवा ट्रस्ट, पीपा क्षत्रिय समाज ट्रस्ट का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गाइडर निरमाकुमारी, स्काउटर विरधाराम, भलाराम टांक प्रलेख लेखक, मदन माली सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड मौजूद रहे।

## नरेगा संवाद कार्यक्रम आयोजित

● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर ।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत मासिक समीक्षा बैठक के पश्चात मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया की उपस्थिति में संवाद कार्य म का आयोजन किया गया। संवाद कार्य म में जनप्रतिनिधियों के साथ सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संवाद कार्य म में योजना के ि यान्वयन में आ रही समस्याओं पर विचार विमर्श किया। साथ ही मनरेगा योजना में श्रमिकों से प्रपत्र 6 भरने और रसीद देने, किए गए कार्य के अनुरूप भुगतान करने और ब्लॉक स्तर पर संवाद कार्य म करने को लेकर चर्चा की गई । कार्य म में सीईओ राठौड़ ने नई गाइड लाइन के बारें में और अधिक से अधिक श्रमिक नियोजन की बात की । इस अवसर पर अधिशासी अभियंता महेश ओझा , सभी विकास अधिकारी, समन्वयक महेश जोशी, समन्वयक अभिसरण एवं मूल्यांकन कुणाल शर्मा, भूपेंद्र सिंह चौहान, सरपंच मनोहर डामोर,वागड़ मजदूर किसान संगठन से मानसिंह,मधुलिका , जीवत लाल ,कारीलाल,सविता एवं समस्त विकास अधिकारी एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे।

## सनातन संस्कृति द्वारा आयोजित यज्ञ में लिया व्यसन छोड़ने का संकल्प

● पदमावत मीडिया



**भीनमाल ।** सनातन संस्कृति जागरण संघ द्वारा घर घर यज्ञ अभियान के माध्यम से समरस, समरूप, एकरूप व व्यसन मुक्त संगठित हिंदू समाज की स्थापना हेतु पुनासा बस स्टेंड के पास स्थित भील बस्ती में 123 वें यज्ञ का आयोजन किया। सनातन संस्कृति जागरण संघ के सदस्य कॉपरेटिव ऑडिट अधिकारी किशोरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि यज्ञ में श्रवण राणा सपत्नीक मुख्य यजमान बने । उनके अलावा कुंड पर अन्य परिवार जनों एवं बस्ती के बंधु जनों ने बैठ यज्ञ में भाग लिया। इनके अलावा दर्जनों बंधु, मातृशक्ति व बच्चों ने भी यज्ञ में आहुति दी। यज्ञ की समाप्ति होने पर यज्ञ वेदी को साक्षी मानकर कई लोगों ने मांसाहार, शराब, बीड़ी, गुटखा आदि व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के बाद सभी आगंतुक बंधुओं ने एक साथ चाय पानी व जलपान ग्रहण किया । यज्ञ के उपरांत चर्चा का मुख्य विषय धर्म प्रचार एवं शस्त्र व शास्त्रों की शिक्षा देने हेतु प्राचीन परम्परा के गुरुकुलों के निर्माण हेतु शहर के बड़े मंदिर ट्रस्टों की भूमिका निर्धारित एवं निश्चित करने तथा इस कार्य हेतु ट्रस्टों को आगे आने का आह्वान स्वामी नरेंद्र परमहंस एवं राजूसिंह माली ने किया । जिसका सभी ने एकमत से समर्थन किया। इस अवसर पर बस्ती के कई लोग सनातन संस्कृति जागरण संघ के साथ जुड़े । संगठन के मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर सनातन संस्कृति जागरण संघ के स्वामी नरेंद्र परमहंस, नरिंगाराम पटेल, ठेकेदार ओटाराम मेघवाल, नरपतसिंह आर्य, वालाराम मौर्य, राजूसिंह माली, भीमराज मोदी, दिनेश हिंगड़ा, किशोरसिंह राजपुरोहित, आसूराम राणा, महेंद्रसिंह राजपुरोहित, बाबूलाल मेघवाल, भलाराम राणा, रमेश राणा, केवाराम मेघवाल, अर्जुन बंजारा, श्रवण राणा, आर्य राहुल बंजारा, जीतू राणा, आर्य अक्षय बंजारा, आर्य रोहित मेघवाल, वरुण सोनी, कल्पेश सोनी, अमृत सोनी सहित कई लोगों ने भी भाग लिया । यज्ञ का सम्पादन राव विक्रमसिंह आर्य ने वैदिक रीति से करवाया।

## कैट विमेन विंग द्वारा कैट पावर कार्ड लॉन्च, स्थानीय व्यवसायियों को मिलेगा बढ़ावा

### 150 से अधिक प्रतिष्ठानों से मिलेगा डिस्काउंट का लाभ

### पहला पावर कार्ड कैट की नेशनल एडवाइजर स्मृति ईरानी के नाम समर्पित किया




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** कैट विमेन विंग उदयपुर की ओर से सोमवार को कैट पावर कार्ड का भव्य लॉन्च किया गया। इस कार्ड के माध्यम से ग्राहकों को शहर के 150 से अधिक प्रतिष्ठानों पर विशेष छूट (डिस्काउंट) का लाभ मिलेगा, साथ ही इससे स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। कैट विमेन विंग की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कैट पावर कार्ड को लॉन्च करने का मुख्य उद्देश्य उदयपुर के स्थानीय व्यवसायियों के व्यापार को प्रोत्साहित करना और ग्राहकों को विभिन्न सेवाओं एवं उत्पादों की खरीद पर विशेष छूट प्रदान करना है। यह कार्ड ग्राहकों के लिए अत्यधिक लाभदायक होगा क्योंकि इसमें होटल, रेस्टोरेंट, बुटीक, मेडिकल शॉप, डायग्नोस्टिक सेंटर, स्कूल, गिफ्टिंग स्टोर, ज़ेरॉक्स सर्विस, टूर एंड ट्रेवल्स, डेकोरेशन सर्विस, ब्यूटी पार्लर, सैलून, फूड आउटलेट्स, बेकरी, रेडीमेड गारमेंट्स स्टोर, कोरियोग्राफर, ऑप्टिकल स्टोर, गेम ज़ोन, इवेंट ऑर्गेनाइजर सहित कई अन्य प्रतिष्ठानों पर विशेष डिस्काउंट की सुविधा दी गई है। साथ ही जिन व्यापारियों एवं सेवा संस्थानों ने डिस्काउंट दिया है वहां ग्राहकों की आवक बढ़ने से उनको लाभ बढ़ेगा। इस अवसर पर कैट विमेन विंग की सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि पावर कार्ड की लॉन्चिंग फ्यूजन की सीईओ श्वेता दुबे, डीवाईएसपी चेतन भाटी, डिप्टी टूरिज्म ऑफिसर शिखा सक्सेना ने की। पहला पावर कार्ड विशेष रूप से कैट की नेशनल एडवाइजर एवं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के नाम समर्पित किया गया है। उनके सम्मान और प्रेरणा के प्रतीक के रूप में यह कार्ड लॉन्च किया गया, ताकि महिलाओं को सशक्त बनाने और व्यापारिक क्षेत्र को बढ़ावा देने का हमारा मिशन और मजबूत हो सके। इस कार्ड के माध्यम से न केवल ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं पर छूट मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा। आगे आने वाले समय में और भी प्रतिष्ठानों को इस कार्ड से जोड़ा जाएगा, जिससे यह कार्ड और अधिक फायदेमंद हो सके। कार्ड की लॉन्चिंग सेरेमनी में डायरेक्टर मीरा मजूमदार, कोऑर्डिनेटर साधना तलेसरा, चयनिका गलुंडिया, रेखा सोनी, कविता बलदेवा, उर्मिला जैन नमिता कोठारी, नयना जैन आदि का सहयोग रहा। कैट वूमेन विंग का उद्देश्य सदैव महिलाओं को सशक्त बनाना और व्यवसायों को आगे बढ़ाने में सहयोग करना है।

## राजस्थान दिवस 30 मार्च 2025 के आयोजन हेतु तैयारी बैठक 18 मार्च को




● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** राजस्थान दिवस 30 मार्च 2025 को आयोजित करने हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में जिला कलक्टर की अध्यक्षता में 18 मार्च 2025 को दोपहर 3 बजे ईडीपी सभागार जिला कलक्टर कार्यालय डूंगरपुर में बैठक का आयोजित की जाएगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने दी।

## पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम आयोजित

● पदमावत मीडिया



**डूंगरपुर।** भारत सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत 3 वर्ष तक के बच्चों हेतु ''प्रारम्भिक उद्दीपन के लिए नेशनल फ्रेमवर्क'' (नवचेतना) तथा 3-6 वर्ष हेतु श्नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फाउण्डेशन स्टेज (आधारशिला) तैयार कर पोषण भी पढाई भी कार्यक्रम के तहत आंगनवाडी केन्द्रों पर क्रियान्वित करने हेतु निपसिड नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं कोर्स डायरेक्टर के माध्यम से सभी आंगनवाडी कार्मिकों को गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता शंकर रोत ने बताया कि प्रशिक्षण के द्वारा कार्मिकों में पूर्व बाल्यावस्था देखरेख व शिक्षा (ईसीसीई) पाठ्यक्रम और इसकों लागू किए जाने हेतु बुनियादी समझ विकसित होगी। प्रायः यह देखा गया था कि आंगनवाडी केन्द्रों पर 3-6 वर्ष के बच्चे निजी विद्यालय मे जाने के कारण आंगनवाडी केन्द्रों पर इस आयुवर्ग के बच्चों की संख्या कम होती थी और 3 से कम उम्र के बच्चे केन्द्रों पर सहजता से उपलब्ध होते थे। 3 से कम उम्र के बच्चों को नवचेतना पुस्तक की गाईडलाईन के अनुसार बच्चों में अच्छी आदतों का निर्माण, खेल-खेल मे आधारभूत शिक्षा, मित्रवत शैक्षिक वातावरण प्रदान किए जाने से केन्द्रों पर बच्चों का ठहराव बढेगा साथ ही 3-6 आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। विभाग द्वारा ब्लॉक स्तर पर आदर्श आंगनवाडी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। पूर्वबाल्यावस्था शिक्षा को सुद्दढ करने पोषण व स्वास्थय सलाह, विभिन्न परामर्श सत्रों का प्रभावी संचालन हेतु कार्यकर्ताओं का क्षमता-संवर्धन किये जाने हेतु आसपुर मे 3 बैच बनाकर सीडीपीओं संगीता शंकर रोत, सुपरवाईजर किरण पटेल, गंगा मीणा, दरिया मीणा, तारा जैन व आशा डेण्डोर द्वारा पोषण भी पढाई भी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## लफजो की महफ़िल का काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह अशोका पैलेस में आयोजित हुआ : मुकेश माधवानी

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** शहर की प्रतिष्ठित साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था लफ़्ज़ों की महफ़िल के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि अशोका पैलेस में संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के संयोजक पं. पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय÷प्रेमी÷ ने बताया कि मासिक काव्य गोष्ठी में महिला दिवस एवं होली विषय पर आयोजित काव्य प्रतियोगिता के प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र प्रदान किए गए तथा शहर के वरिष्ठ साहित्यकारों डॉ. करूणा दशोरा, डॉ. इकबाल सागर, श्रेणीदान चारण, तरुण कुमार दाधीच, तथा विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाली महिलाओं डॉ स्विटी छाबड़ा, सुषमा कुमावत, निवेदीता बक्षी, पूर्णिमा बोकडिया, डी.वाई.एसपी चेतना भाटी, चंद्र कांता बंसल, चंद्र कांता त्रिवेदी, डॉ. चंद्र कला चौधरी , बेबी अनाया बोकडिया को पगडी, शॉल, उपरना ओढ़ाकर व सम्मान पत्र तथा प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी में पुष्कर गुप्तेश्वर , पूनम भू, पं. पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय ÷प्रेमी÷, अजीत सिंह,डॉ. रेणू सिरोया कुमुदिनी,अमृता बोकडिया, अनीता जैन ,प्रोफेसर निर्मल गर्ग, दाडम चंद दाडम, शकुंतला सोनी, अशोक जैन मंथन, शाहिद हुसैन शैदा, डॉ. शाहिद इकबाल शेख, अरुण शंकर शर्मा, अकबर खान शाद, लोकेश चंद्र चौबीसा, किशन लाल मेघवाल, डॉ. शीतल श्रीमाली,शेख मोहम्मद हनीफ रजवी , ईश्वर जैन, श्रेणीदान चारण, प्रो. विमल शर्मा, डॉ. कामिनी व्यास रावल, जगवीर सिंह, घनश्याम आर्य, शकील अलाउद्दीन, डॉ. अंजु बेनीवाल, कैलाश सोनी, डॉ. करूणा दशोरा, आरती वैष्णव, डॉ. चंद्र कांता बंसल, अखिलेश जोशी, डॉ. इकबाल सागर, तथा खुर्शीद शेख खुर्शीद ने अपनी रचनाओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संचालन अमृता बोकडिया ने किया। अंत में संस्थापक मुकेश माधवनी ने धन्यवाद देकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## भारतीय जैन संघटना का होली स्नेह मिलन एवं रंगोत्सव 2025 का आयोजन

# बीजेएस एक संगठन नहीं वरन एक विचारधारा है : फत्तावत






● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना, उदयपुर का होली मिलन एवं रंगोत्सव 2025 का आयोजन 100 फीट रोड़ स्थित सोलिटियर गार्डन में भारतीय जैन संघटना के संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। आयोजन में एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने अपने उद्बोधन में कहां कि बीजेएस कोई एक संस्था नहीं वरन एक विचारधारा है। बीजेएस के आयोजन इवेन्ट बेस नहीं मूवमेंट बेस होते है। बीजेएस एक परिवार है जो हर कार्य समयबद्धता एवं सुन्दर रूप से आयोजित करता है। उन्होंने नारी शक्ति की सराहना करते हुए उनके योगदान को अद्वितीय बताया तथा सामाजिक समस्याओं के समाधान में महिलाएं अपनी अग्रणी भूमिका निभाएं। नारी शक्ति समाज की धुरी है जो सकारात्मक सोच के साथ समाज में कार्य करे तो क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। बीजेएस उदयपुर चेप्टर दीपक सिंघवी, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत एवं महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया ने बताया कि आयोजनों की श्रृंखला में होली की हुडदंग, महिला सशक्तिकरण, वृद्धाश्रम व पालना घर बागबान पर आधारित नाटिका, होली पर उड़े रे गुलाल, बीजेएस के प्रोजेक्टों पर आधारित सुन्दर नाटिका का मंचन सहित कई प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा मीना कावडिय़ा व महामंत्री नीतू गजावत ने बताया कि वर्ष 2025 में बीजेएस उदयपुर चेप्टर में 55 नए परिवारों के जुडऩे पर उनका तिलक व उपरणे से स्वागत अभिनंदन किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले 108 प्रतिभागियों को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने कार्यक्रम की सुन्दर संयोजना के लिए कार्यक्रम संयोजक विजय कोठारी, जम्बु दलावत, सुमित कटारिया, अक्षय बड़ाला, रश्मि कोठारी, कशिश पोरवाल, मधु मुर्डिया तथा संगठन के पांचों जोन चेयरमैन हेमेन्द्र मेहता, कल्पना बापना, चेतन जैन, सोनल कण्ठालिया, जय पोरवाल, सोनिया कण्ठालिया, तरूण मेहता, लीना डूंगरपुरिया, संदीप कावडिय़ा, बीना मारू व संचालिका सोनिका जैन का मेवाड़ी परम्परा से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-नन्हे बच्चों के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्ष दीपक सिंघवी द्वारा किया गया तथा आभार महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनिका जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र तलेसरा, पूर्व प्रदेश महामंत्री श्याम नागौरी, पूर्व स्मार्ट गर्ल्स प्रदेश प्रभारी सुधीर चित्तौड़ा, संभागीय अध्यक्ष विकास जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष विरेन्द्र महात्मा, चन्द्रप्रकाश चोरडिया, अशोक कोठारी, विजयलक्ष्मी गलूंडिया, अरूण मेहता, ललित कोठारी, ऋतु मारू, प्रिया झगड़ावत, नीता छाजेड़ , रचिता मोगरा, जय चौधरी, आयुष वक्तावत सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे।

# बिजली मीटर के टर्मिनल से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते पकड़ा

## लगाया 3 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना

● पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** सतर्कता शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) बी.एल.शर्मा के निर्देशन में आज 10.03.2025 को अधिशाषी अभियंता (सतर्कता-जेपीडीसी) चेतन स्वरूप भंसाली द्वारा हाथोज क्षेत्र के प्रताप वॉटर सप्लायर के परिसर की सतर्कता जांच की गयी, जिसमें मीटर की डिस्पले व टोंगटेस्टर के लोड में अन्तर पाया गया, जिसकी गहन जांच करने पर पाया गया कि प्रताप वॉटर सप्लायर के मालिक राजेश शर्मा द्वारा मीटर के इनकामिंग व आटडगोइंग टर्मिनल को कॉपर तार द्वारा शार्ट करके विद्युत चोरी की जा रही थी, जिसकी मौके पर फोटो लिये जाकर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत वीसीआर नं. 155599 भरी गयी है एवं कनेक्शन को काटकर मीटर को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में 3 लाख 28 हजार 473 रूपये का जुर्माना लगाया गया है। सतर्कता टीम में अधिशाषी अभियंता (सतर्कता-जेपीडीसी) चेतन स्वरूप भंसाली सहित अन्य कार्मिक भी उपस्थित थे। उन्होने बताया कि उपभोक्ता द्वारा जुर्माना राशि निर्धारित समयावधि में जमा नहीं करवायी जाती है, तो उनके विरूद्ध विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया जावेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सतर्कता शाखा विद्युत चोरी रोकने के लिए कृत संकल्प है। विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश स्थापित करने के लिए सभी सतर्कता अधिकारीयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सतत् सतर्कता जांच कार्यवाही की जा रही है। विद्युत चोरी करने के धरपकड़ जारी रहेगा।

## आरपीएससी: फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगेगी लगाम

# डिजीलॉकर से हो सकेगा डिग्री व अंकतालिका का सत्यापन

● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा अब डिग्रियों व अंकतालिकाओं, अन्य दस्तावेजों का सत्यापन नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी में संधारित डेटा को डिजी लॉकर के माध्यम से एक्सेस कर भी किया जा सकेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय इ-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी की पहल पर उनकी टीम द्वारा 25 फरवरी 2025 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। आयोग सचिव ने बताया कि राष्ट्रीय इ-गवर्नेंस प्रभाग इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा डिजी लॉकर को आयोग की भर्ती प्रक्रियाओं में उपयोग लिए जाने हेतु अनुरोध किया गया था। इस क्रम में डिजी लॉकर प्लेटफार्म का इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी द्वारा तकनीकी प्रेजेंटेशन आयोग के अधिकारियों के समक्ष किया गया था। इसमें डिजी लॉकर के उपयोग एवं उपलब्ध ऑनलाईन आधारित दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई। डिजी लॉकर पर आधार, 10वीं/12वीं/ग्रेजुएशन इत्यादि की अंकतालिका स्व-प्रमाणीकरण के द्वारा उपलब्ध हो जाती है। इसमें दस्तावेज जिस अथॉरिटी (प्राधिकारी) द्वारा जारी किया गया है. वहीं से प्रमाणित होकर डिजी लॉकर में उपलब्ध होता है। ऐसे में उस दस्तावेज को पुनः सत्यापित किये जाने की आवश्यकता नहीं रहती है एवं दस्तावेज सत्यापन में समय भी कम लगता है।इलैक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग को भी डिजीलॉकर के लिए ऑनबोर्ड किया गया है। यह भारत सरकार का एप्लीकेशन है जो कि पूर्णतया सुरक्षित एवं संरक्षित है।

### भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए अवश्य बनाएं डिजी लॉकर अकाउंट

दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया फर्जी डिग्री व प्रमाण-पत्रों पर लगाम लगाने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकेगी। इसके माध्यम से अभ्यर्थी की सही पहचान तथा दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर रहने वाले संशय को भी दूर किया जा सकेगा, जिससे पात्र अभ्यर्थियों का चयन सुनिश्चित होने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन ऑनलाईन स्वतः प्रमाणीकरण के आधार पर उपलब्ध होने से इस प्रक्रिया में लगने वाले अनावश्यक समय में कमी होगी एवं भर्ती प्रक्रिया त्वरित गति से पूर्ण की जा सकेगी। निकट भविष्य में अभ्यर्थियों की वन टाइम रजिस्ट्रेशन संबंधी एप्लीकेशन आईडी/एडमिट कार्ड इत्यादि से संबंधित सूचनायें भी डिजी लॉकर से इंटीग्रेट कर सुगमता से उपलब्ध करवाई जा सकेंगी। डिजी लॉकर की उपयोगिता के दृष्टिगत भर्ती परीक्षाओं हेतु आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को डिजी लॉकर पर अकाउंट अवश्य बनाना चाहिए। इसके बाद अपने अकाउंट में स्वयं के दस्तावेज यथा- 10वीं/ 12वीं/ ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन की अंकतालिका को ऑनलाइन ही फेच करावें। एक बार फेच होने के उपरांत यह दस्तावेज अभ्यर्थी के डिजी लॉकर में संधारित रहेंगे।

## पीटीआर आई द्वारा 15 मार्च तक चलाया जा रहा है विशेष अभियान


# उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

● पदमावत मीडिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन को रोकने के लिए पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 01 मार्च से शुरू होकर 15 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा, जिसके तहत निजी वाहनों में हूटर, वाहन के ऊपर फ्लैश लाइट (लाल, पीली, नीली बत्ती), VIP स्टीकर चस्पा करने एवं गलत नंबर प्लेट का उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में आम नागरिकों की सहभागिता को ध्यान में रखते हुए एक एंड्रॉइड मोबाइल नंबर 7587647905 जारी किया गया है। नागरिक इस नंबर पर गलत तरीके से मॉडिफाइड वाहनों की तस्वीरें और संबंधित जिले का विवरण भेज सकते हैं, जिससे संबंधित जिलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस नंबर को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान में भाग ले सकें और यातायात नियमों के उल्लंघन की सूचना दे सकें। प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करें और यातायात नियमों के उल्लंघन की सूचना पीटीआरआई, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को भेजें। इस मुहिम का उद्देश्य यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराना एवं सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

## श्री गलताजी तीर्थ में आयोजित फागोत्सव में मुख्यमंत्री ने की शिरकत

# होली उमंग और उत्साह का त्योहार श्री गलताजी तीर्थ में दिव्यता और भव्यता की अनुभूति: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा







● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि फाल्गुन के महीने में हर व्यक्ति आनंद में उत्साहित रहता है और होली के रंगों में रंग जाता है। उन्होंने कहा कि श्री गलताजी तीर्थ में फागोत्सव का आयोजन विशिष्ट है और यह राज्य सरकार के धार्मिक महत्व के स्थानों के विकास और संरक्षण के प्रति दृढ़संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री सोमवार को गलताजी तीर्थ में आयोजित ब्रज-अवध फागोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री गलताजी का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यहां दिव्यता व भव्यता की अनुभूति होती है। आमजन की आस्था है कि यहां स्थित कुण्डों में स्नान करने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि यहां भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और हनुमानजी के मंदिर हैं, जो अवधपुरी और ब्रज के एक साथ होने की अनुभूति देते हैं। शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के साथ-साथ हमारी गौरवशाली विरासत का संरक्षण भी हो रहा है। राज्य सरकार भी इसी दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश के धार्मिक महत्व के स्थलों का विकास एवं संरक्षण कार्य प्रतिबद्धता के साथ कर रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सीताराम जी मंदिर और ज्ञान गोपाल जी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और गो सेवा भी की। उन्होंने फागोत्सव में भजनों-गीतों का श्रवण किया तथा दीप महाआरती में शामिल हुए। इस दौरान जनप्रतिनिधिगण, देवस्थान सचिव डॉ. कृष्ण कांत पाठक, जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आमलकी एकादशी पर विशेष श्रृंगार



● पदमावत मीडिया

संवाददाताः दीपक शर्मा

**कानोड़ ।** नगर पालिका क्षेत्र के मन्दिरों में आमलकी एकादशी पर विशेष पुजा अर्चना ओर श्रृंगार हुआ। ब्रह्मपुरी मोहल्ले में ब्राह्मणों के मन्दिर में आमलकी एकादशी पर भगवान लक्ष्मीनारायण को रजत वस्त्र धारण कर तुलसी माला से सजाया गया, महिलाओं ने ठाकुर जी को प्रतीकात्मक दही हाडी, नेजा व गरडरी व राई से भरे पात्र भेंट किए तो नगर के मुख्य आराध्य ठाकुर गोपाल राय मन्दिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ ठाकुर जी का नाथद्वारा के श्री जी के समान विशेष श्रृंगार किया गया । लाल वस्त्रों पर विशेष कारीगरी वर्क के सुन्दर वस्त्र में ठाकुर जी के दर्शन कर लोगों ने आरोग्य व समृद्धि की कामना की । महिलाओं ने इस अवसर पर आंवला पेड की भी पूजा की ओर ठाकुर जी को आंवलें का भोग लगाया गया। कथाकार व कर्मकांड के जानकार पण्डित राजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि फाल्गुन मास में शुक्लपक्ष की आमलकी एकादशी पर पुष्य नक्षत्र में आंवला पुजन व ठाकुर जी को दही, दूध चढ़ाना पुण्यकर्म है, इससे पापों का क्षय होता है, परिवार में आरोग्य, सम्पन्नता के साथ यश वृद्धि होती है ।

# बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा का उदयपुर एयरपोर्ट पर किया स्वागत

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** हिन्दी सिनेमा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा सोमवार की सुबह महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंची। एयरपोर्ट पर यूनिसेफ की संभागीय बाल संरक्षण सलाहकार श्रीमती सिंधु बिनुजीत ने उनकी अगवानी की और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर दीया मिर्जा का पुत्र भी उनके साथ था। यहां कुछ देर रुकने के बाद दीया मिर्जा ने पाली के बीसलपुर के लिए प्रस्थान किया। श्रीमती बिनुजीत भी उनके साथ गई। यहां पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध एम3एम स्छरू फाउंडेशन की ओर से 'अरावली के हृदय में जवाई वन्यजीव संरक्षण' विषय पर आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करते हुए पर्यावरणविद् दीया मिर्जा ने कहा कि वन्यजीवों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हम सभी की है। सुखद भविष्य हेतु पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने होंगे। एम3एम स्छरूफाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं प्रेसिडेंट एश्वर्य महाजन ने इस कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए फाउंडेशन की गतिविधियों व कार्यकलापों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सुरक्षा के लिए हर वर्ग को अपनी भागीदारी निभानी होगी। इस दौरान श्रीमती बिनुजीत ने उनको उदयपुर रेंज स्तर पर पुलिस विभाग के सहयोग के यूनिसेफ द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान समय में बाल संरक्षण से संबंधित मुख्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए इसके लिए जनजागरूकता हेतु यूनिसेफ द्वारा प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ किये जा रहे नवाचारों के बारे में वार्ता की। पुलिस एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत विभागों व संस्थाओं के साथ मिलकर बालकों के सर्वांगीण विकास पर विशेष कार्य किये जा रहे है। उल्लेखनीय है कि दीया मिर्जा अभिनेत्री होने के साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमी भी है। उन्हें वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कई पुरस्कारों से नवाजा भी गया है। इसके साथ ही वे बालिका शिक्षा एवं बालकों के विकास के क्षेत्र में भी अपना अहम योगदान रखती है।

# तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन

● पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़ ।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, प्रतापगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । नोडल प्राचार्य प्रतापगढ़ बी.एल. मीणा एवं गोपाल सालवी जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य आतिथ्य तथा कन्या महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य वीरेंद्र चंदेला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को विकसित भारत की अवधारणा से अवगत करवाया तथा सभी स्वयंसेविकाओं से इस विषय पर अपने विचार व्यक्त करने एवं माय भारत पोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में अपना पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक ने स्वयंसेविकाओं को अहिल्या बाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके वित्तीय प्रबंधन की दक्षता एवं सूझ बूझ से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम अधिकारी ममता कुंवर राठौड़ एवं अंजू मील के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय की साफ़ सफ़ाई की तथा अहिल्या बाई फ़ाइनेंसी लिटरेसी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कियागया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत किया गया। स्वयंसेविकाओं को माय भारत पोर्टल पर मेगा इवेंट क्रिएट करना तथा वीडियो अपलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई तथा मेगा इवेंट में किस प्रकार विकसित युवा भारत संसद में अपना एक मिनट का वीडियो बनाकर विकसित भारत से आप क्या समझते विषय पर स्वयंसेविकाओं का किया गया ।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर विभिन्न ग्राम पंचायत में आयोजित होंगे

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ तहसीलदार उज्जवल जैन ने बताया कि प्रतापगढ़ उपखण्ड में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन 10 से 13 मार्च को पील्लू, बमोत्तर, नारायणखेड़ा, ढ़िकनिया, जोलर, करमदीखेड़ा, गंधेर, मचलाना, रठांजना व बजरंगगढ़ ग्राम पंचायत में किया जायेगा।

## उदयपुर की सायरा थाना पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा

# दो अभियुक्त गिरफ्तार: युवक की हत्या कर पैर काट दिए, 10 दिन बाद जंगल में मिला था शव

● पदमावत मीडिया





**उदयपुर ।** जिले की थाना सायरा पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दो आरोपियों भुरा राम पुत्र लाला राम व नोजा राम पुत्र नैना राम निवासी खिचियों की वैरी, भानपुरा थाना सायरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक की बेरहमी से हत्या की थी। पुलिस को 10 दिन बाद जंगल में लाश मिली थी जिसका एक पैर कटा हुआ था। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 5 मार्च को खिचियो की वैरी, भानपुरा निवासी बाबुराम पुत्र काना राम ने रिपोर्ट पेश की कि उसका भाई कालुराम उसके घर पर ही रहता है। वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ मुण्डारा में काम करता है। करीब 10 दिन पहले उसके भतीजे कैलाश गमेती ने कॉल कर बताया कि कालु राम घर से कहीं चला गया है। सूचना पर वह मुण्डारा से तुरन्त घर पहुंचा। 3-4 दिन तक हमारे परिवार परिवार के व्यक्तियों ने कालुराम की आसपास में तलाश की। कालुराम के नहीं मिलने पर वह वापस मुण्डारा आ गया।सुबह 10 बजे के लगभग भतीजे धन्नाराम ने कॉल कर कालुराम की लाश खटा मातारा बीडे में पडी होने के बारे में बताया। वह तुरंत बताई गई जगह पर पहुंचा जहां उसके भाई कालु राम की लाश पडी थी। जिसका दाहिना पैर कटा हुआ और मुँह क्षतिग्रस्त था। लाश 8-10 दिन पुरानी होने से शरीर पर कीड़े पड़ चुके थे। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करने एसपी गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा व वृताधिकारी गिर्वा सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन एवं थाना सायरा एसएचओ प्रवीण जुगतावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित विशेष टीम द्वारा मृतक के परिवार एवं गांव के अन्य व्यक्तियों से गहनता से पूछताछ की। मुखबिरों को एक्टिव कर जानकारी जुटाई गई। कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आसूचना व तकनीकी सहयोग से मामले का खुलासा करते हुये सन्दिग्ध भुराराम गमेती व नोजा राम गमेती को डिटेन कर पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। घटना के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में कांस्टेबल नरपत राम एवं धर्मेंद्र की विशेष भूमिका रही। टीम में एसएचओ प्रवीण जुगतावत सहित एएसआई राजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, कांस्टेबल रुपाराम, काना पुरी, नरपत राम, धर्मेंद्र, भैराराम एवं लोकेश रायकवाल शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।